# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 148 / 2024**

## औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2024 के लिए समिति की वेबसाईट पर अभ्यर्थियों का मूल प्रवेश–पत्र ऑनलाईन जारी करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2024 में विषय हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू में से किन्हीं दो विषयों में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर चुके सभी अभ्यर्थी, उनके अभिभावक एवं सभी संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि **औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2024 की परीक्षा दिनांक 02.05.2024 को दो पाली में एवं दिनांक 03.05.2024 को एक पाली में बिहार राज्य के प्रमण्डलीय जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।** उक्त परीक्षा का **मूल प्रवेश–पत्र** समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर **दिनांक 20.04.2024** से उपलब्ध रहेगा। संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर **दिनांक 20.04.2024** से सभी परीक्षार्थियों का मूल प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर संबंधित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

2. ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र भरने के क्रम में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों एवं संस्थानों की सूची समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को निदेश दिया जाता है कि वैसे अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क **दिनांक 20.04.2024 से 30.04.2024 तक** Online माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिन अभ्यर्थियों का निर्धारित अवधि में परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा नहीं होगा, उनका परीक्षाफल स्थगित कर दिया जाएगा तथा इसकी सारी जवाबदेही सम्बन्धित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

**उक्त परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है:–**

| परीक्षा की तिथि | परीक्षा का समय | विषय / विषय कोड | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|
| 02.05.2024 | प्रथम पाली (09:30 A.M.-12:45 P.M. तक)<br>(Cool off Time = 09:30 AM to 09:45 AM) | हिन्दी (106) | 03 घंटा 15 मिनट |
| | द्वितीय पाली (02:00 P.M.-05:15 P.M. तक)<br>(Cool off Time = 02:00 PM to 02:15 PM) | अंग्रेजी (105) | 03 घंटा 15 मिनट |
| 03.05.2024 | प्रथम पाली (09:30 A.M.-12:45 P.M. तक)<br>(Cool off Time = 09:30 AM to 09:45 AM) | उर्दू (107) | 03 घंटा 15 मिनट |

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner